भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

राज्यसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1120

दिनांक 04 दिसम्बर, 2024 को उत्तर के लिए

शिशु गृह योजना

1120 # श्री नीरज डांगी:

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में शिशु गृह योजना के अंतगर्त राज्य-वार कितने शिशु गृह संचालित हैं तथा उक्त शिशु गृहों में शिशुओं की संख्या कितनी है;

(ख) राजस्थान में कितने शिशु गृह संचालित है और पिछले दो वर्षों के दौरान शिशु गृहों पर खर्च की गई राशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या बीते कुछ वर्षों में शिशु गृहों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है, यदि हाँ, तो सरकार द्वारा शिशु गृहों की संख्या बढ़ाने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री

(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) से (ग): भारत सरकार 'शिशु गृह योजना' नाम से कोई योजना नहीं चला रही है। तथापि, मंत्रालय ने 1 अप्रैल, 2022 से अम्ब्रेला मिशन शक्ति के तहत पालना योजना शुरू की है जिसके अंतर्गत सुरक्षित वातावरण में बच्चों (6 महीने से 6 वर्ष की आयु तक) के लिए गुणवत्तापूर्ण क्रेच की सुविधा प्रदान की जाती हैं। योजना के तहत, बच्चों के स्वास्थ्य और संज्ञानात्मक विकास को सुगम बनाने के लिए पोषण सहायता भी प्रदान की जाती है एवं विकास की निगरानी तथा टीकाकरण भी किया जाता है। पालना के तहत क्रेच सुविधाएं सभी माताओं को प्रदान की जाती हैं, भले ही उनकी रोजगार स्थिति कुछ भी हो। पालना के अंतर्गत 2 प्रकार के क्रेच हैं: स्टैंडअलोन क्रेच और आंगनवाड़ी-सह-क्रेच। पालना के तहत संचालित क्रेच और लाभार्थियों का डेटा की राज्य-वार सूची अनुलग्नक में दी गई है। राजस्थान सरकार पालना के अंतर्गत कोई क्रेच संचालित नहीं कर रही है। तदनुसार, पिछले 2 वर्षों के दौरान पालना के अंतर्गत राजस्थान राज्य को कोई धनराशि जारी नहीं की गई है।

*****

अनुलग्नक

शिशु गृह योजना के संबंध में श्री नीरज डांगी द्वारा दिनांक 04.12.2024 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1120 के भाग (क) से (ग) के उत्तर के संबंध में अनुलग्नक।

(30.09.2024 तक के आंकड़े)

क्रम सं	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्टैंडअलोन क्रेच		आंगनवाड़ी-सह-क्रेच		
		कार्यशील क्रेच	लाभार्थी	अनुमोदित क्रेच	कार्यशील क्रेच	लाभार्थी
1	आंध्र प्रदेश	10	218	108	0	0
2	अरुणाचल प्रदेश	43	1075	86	0	0
3	असम	0	0	500	50	870
4	बिहार	0	0	85	47	102
5	छतीसगढ़	0	0	1500	4	50
6	गोवा	2	56	9	9*	0
7	गुजरात	1	25	25	0	0
8	हरियाणा	197	3861	102	0	0
9	हिमाचल प्रदेश	50	648	152	0	0
10	झारखंड	0	0	1024	0	0
11	कर्नाटक	170	3942	248	164	3280
12	केरल	265	3757	504	0	0
13	मध्य प्रदेश	3	43	448	0	0
14	महाराष्ट्र	0	0	345	0	0
15	मणिपुर	214	5350	702	0	0
16	मेघालय	14	288	84	76	1058
17	मिजोरम	0	0	200	200	4456
18	नागालैंड	0	0	270	148	2917
19	ओडिशा	0	0	1000	0	0
20	पंजाब	144	1430	148	0	0
21	राजस्थान	0	0	0	0	0
22	सिक्किम	12	96	25	13	100

23	तमिलनाडु	124	2569	600	0	0
24	तेलंगाना	0	0	1033	5	25
25	त्रिपुरा	38	950	114	76	1515
26	उत्तर प्रदेश	0	0	0	0	0
27	उत्तराखंड	0	0	202	19	194
28	पश्चिम बंगाल	0	0	10	0	0
29	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	8	7	52
30	चंडीगढ़	0	0	210	200	2377
31	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	0	0	95	25	453
32	दिल्ली	0	0	502	57	525
33	जम्मू एवं कश्मीर	0	0	170	0	0
34	लद्दाख	0	0	6	6	113
35	लक्षद्वीप	0	0	8	0	0
36	पुद्दुचेरी	47	213	86	9*	0
कुल		1,334	24,521	10,609	1,115	18,087

**एडब्ल्यूसीसी को सितंबर, 2024 के महीने के दौरान चालू किया गया।*

*****